# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2020 (ANNUAL)

## MT- HINDI

## (मातृभाषा– हिन्दी)

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

*समय 3 घंटे, 15 मिनट*

Time 3:Hours, 15 min.

कुल प्रश्नों की संख्याः– 66

Total No. of Questions: - 66

Full Marks- 100

पूर्णांक– 100

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**
5. खण्ड–अ में 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है ), इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी द्वारा 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाने की स्थिति में कम्प्यूटर द्वारा प्रथम 50 प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराए गये OMR– उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR शीट में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
6. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का उपयोग वर्जित है।

Biharboardquestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये है, जिनमें से कोई एक सही है। इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें। [50x1=50]

1. अंबेदकर ने भारत की बेरोजगारी का प्रमुख एवं प्रत्पक्ष कारण किसे माना है?

A. जाति प्रथा
B. कार्य– अकुशलता
C. उद्योग धंधो की कमी
D. प्रतिकूल परिस्थितियाँ

2. सभ्य– समाज की आवश्यक्ता क्या है?

A. श्रम विभाजन
B. जाति प्रथा
C. अणु बम
D. दूध–पानी

3. 'हू आर शूद्राज' किसकी रचना है?

A. महात्मा गाँधी
B. यतीन्द्र मिश्र
C. भीमराव अंबेदकर
D. मैक्समूलर

4. 'विष के दाँत' कहानी का प्रमुख पात्र कौन है?

A. गिरधर
B. सेन साहब
C. खोखा
D. सेन साहब की पत्नी

5. 'झोपड़ी और महल' की लड़ाई में अक्सर कौन जीतते हैं?

A. महल वाले
B. झोपड़ी वाले
C. दोनों
D. कोई नहीं

6. सच्चा भारत कहाँ बसता है?

A. गाँवों में
B. खलिहानों में


BiharboardQuestionpaper.com

C. बगीचे में　　D. गलियों में

7. भारत से हम क्या सीखें, पाठ गद्य की कौन सी विधा है?

A. भाषण　　B. निबंध

C. कहानी　　D. रेखा–चित्र

8. दूसरे के इशारों पर भटकने वाले लोगों को क्या कहते है?

A. विद्वान　　B. ज्ञानी

C. मूढ़　　D. भले लोग

9. मैक्समूलर के पिता का क्या नाम था?

A. विरहमूलर　　B. विल्हेम मूलर

C. विल्हेल्म मूलर　　D. विदेनमूलर

10. 'कठ और केन' का जर्मन भाषा में किसने अनुवाद किया?

A. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने　　B. अशोक बाजपेयी ने

C. अमरकांत ने　　D. मैक्समूलर ने

11. शुद्ध वाक्य है–

A. वास्प निकल रहा है　　B. वाष्प निकल रहा है

C. सिंघ दहाड़ रहा है　　D. संग्रहित किया गया है

12. सर्वोत्तम का संधि– विच्छेद है–

A. सर+ वोतम　　B. सर्वो+त्तम

C. सर्व+उत्तम　　D. सर्वोत्त+म

13. 'गुस्सा पीना' मुहावरे का अर्थ है –

A. गुस्सा होना　　B. क्रोध दबाना



BiharboardQuestionpaper.com

C. गुस्से में पानी पीना D. क्रोधित होना

14. 'परंपरा का मूल्यांकन' के रचनाकार है–

A. रामविलास शर्मा B. गुणाकर मूले

C. अशोक बाजपेयी D. महात्मा गाँधी

15. 'एक पतंग अनंत में' किनकी रचना है?

A. हजारी प्रसाद द्विवेदी B. विनोद कुमार शुक्ल

C. यतीन्द्र मिश्र D. अशोक बाजपेयी

16. अशोक बाजपेयी का जन्म कब हुआ था?

A. 16 जनवरी 1942 ई. में B. 16 जनवरी 1941 ई. में

C. 16 जनवरी 1940 ई. में D. 16 जनवरी 1943 ई. में

17. 'मछली' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं?

A. यतीन्द्र मिश्र B. हजारी प्रसाद द्विवेदी

C. विनोद कुमार शुक्ल D. नलिन विलोचन शर्मा

18. 'अँगूठा दिखाना' मुहावरे का अर्थ है–

A. समय पर धोखा देना B. बेइज्जत करना

C. चालबाजी करना D. बेईमानी करना

19. 'गुप्त' का विलोम है–

A. दिखाना B. पहचानना

C. छुपाना D. प्रकट

20. 'पर्वत' का पर्यायवाची है–

A. त्रिदश B. पद्यामर



BiharboardQuestionpaper.com

C. शैल D. गीर्वाण

21. 'लम्बोदर' कौन समास है?

A. तत्पुरूष B. कर्मधारय

C. बहुब्रीहि D. अव्ययीभाव

22. 'लड़का आया था' कौन काल है?

A. वर्त्तमान काल B. भूत काल

C. भविष्यत काल D. इनमें से कोई नहीं

23. आम का पर्यायवाची होगा–

A. वाजि B. हथ

C. सैधव D. आम्र

24. 'धनहीन' कौन समास है?

A. तत्पुरूष B. अव्ययीभाव

C. कर्मधारय D. द्वन्द्व

25. माता– पिता कौन समास है?

A. द्विगु B. तत्पुरूष

C. कर्मधारय D. द्वन्द्व

26. 'अनुराग' में कौन उपसर्ग है?

A. अनु B. अ

C. अभि D. सु

27. गुरू नानक कौन थे?

A. सिक्खों के दशम गुरू B. सिक्खों के प्रथम गुरू



BiharboardQuestionpaper.com

C. हिन्दुओं के प्रथम गुरू D. मुस्लिमों के प्रथम गुरू

28. 'जपुजी' किसकी रचना है?

A. कबीर B. रहीम

C. गुरू नानक D. घनानंद

29. 'नाखून क्यों बढ़ते है' हिन्दी की कौन विधा है?

A. ललित निबंध B. कहानी

C. कविता D. उपन्यास

30. 'विरहलीला' किसकी रचना है?

A. रसखान B. कबीर

C. घनानंद D. प्रेमघन

31. घनानंद का जन्म कब हुआ था?

A. 1680 ई. के आस–पास B. 1681 ई. के आस–पास

C. 1682 ई. के आस–पास D. 1689 ई. के आस–पास

32. 'स्वदेशी' कविता किससे संकलित है?

A. प्रेमघन सर्वस्व B. जीर्ण जनपद से

C. भारत प्रयाग से D. प्रयाग रामागमन से

33. 'दही वाली मंगम्मा' किस भाषा से अनूदित कहानी है?

A. उड़िया B. कन्नड़

C. भोजपुरी D. तमिल

34. 'अस्मिता' का सही अर्थ है–

A. पहचान (अस्तित्व) B. मना करन

BiharboardQuestionpaper.com
बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com

C. बाहुबली D. कंजूस

35. निम्नलिखित में से कौन वाक्य शुद्ध है?

A. मैं आपका दर्शन करने आया हूँ B. मैं आपके दर्शन करने को आया हूँ

C. मैं आपका दर्शन चाहता हूँ D. मैं आपके दर्शन करने आया हूँ।

36. संज्ञा के कितने भेद होते हैं?

A. दो B. चार

C. पाँच D. आठ

37. टॉल्सटॉय कौन थे?

A. हिन्दी लेखक B. अंग्रेजी लेखक

C. रूसी लेखक D. फ्रेंच लेखक

38. 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के केन्द्र में हैं–

A. महात्मा गाँधी B. अशोक बाजपेयी

C. बिस्मिल्ला खाँ D. गुणाकर मूले

39. बिस्मिल्ला खाँ का प्रिय वाद्–यंत्र था–

A. शहनाई B. हारमोनियम

C. तबला D. वीणा

40. 'अक्षरों की कहानी' किसकी रचना है?

A. मैक्समूलर B. गुणाकर मूले

C. बिरजू महाराज D. रामविलास शर्मा

41. 'शिक्षा और संस्कृति' किनकी रचना है?

A. अशोक बाजपेयी B. रामविलास शर्मा



BiharboardQuestionpaper.com

C. महात्मा गाँधी D. यतीन्द्र मिश्र

42. बहादुर को लेखक के घर कौन लाया था?

A. लेखक की बहन B. लेखक का साला

C. लेखक का भाई D. लेखक के चाचा

43. 'सुजाता' का वास्तविक नाम क्या है?

A. कर्णिका B. दीपशिखा

C. एम रामानुजय D. एस. रंगराजन

44. 'सातकोड़ी होता' कहाँ के प्रमुख कथाकार है?

A. बिहार के B. मद्रास के

C. उड़ीसा के D. लखनऊ के

45. 'मंगम्मा' किस शहर में दही बेचा करती थी?

A. मैसूर में B. मद्रास में

C. बंगलोर में D. उड़ीसा में

46. पूर्वज लक्ष्मी के लिए कितना खेत छोड़ गए थे?

A. चार बीघा B. दो बीघा

C. एक बीघा D. तीन बीघा

47. मंगु कब– से पागल है?

A. जन्म से B. युवावस्था से

C. बचपन से D. बहुत दिनों से

48. संसार का संधि विच्छेद है–

A. सन +सार B. सम् + सार


BiharboardQuestionpaper.com

C. सं + सार D. समसा +र

49. 'इंद्र' का पर्यायवाची है–

A. अतुल B. देवराज

C. महाकाय D. मोददाता

50. 'वेदना' में प्रत्यय है–

A. ना B. अना

C. दना D. नआ

51. 'मनुष्य' कौन संज्ञा है?

A. जातिवाचक B. व्यक्तिवाचक

C. भाववाचक D. समूहवाचक

52. प्रत्यय के कितने भेद होते है?

A. दो B. तीन

C. चार D. पाँच

53. गुरू नानक की भेंट किस मुगल बादशाह से हुई थी?

A. बाबर से B. हुमायूँ से

C. अकबर से D. जहाँगीर से

54. 'मछली' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है?

A. निबंध B. कहानी

C. संस्मरण D. नाटक

55. हम बार–बार नाखून क्यों काटते हैं?

A. स्वच्छ रहने के लिए B. बर्बरता समापन हेतु


BiharboardQuestionpaper.com

C. सुंदरता के लिए	D. मजबूरी से

56. 'नागरी लिपि' पाठ साहित्य की कौन विधा है?

A. निबंध	B. डायरी

C. नाटक	D. कहानी

57. पठित पाठ के आधार पर बतलाइये कि मोटर कार को खतरा किससे हो सकता है?

A. सीमा से	B. रजनी से

C. आली से	D. खोखा से

58. भाईचारे का दूसरा नाम क्या है?

A. राजतंत्र	B. लोकतंत्र

C. श्रम	D. सहयोग

59. भारत की सर्वाधिक आबादी कहाँ बसती है?

A. नगरों में	B. महानगरों में

C. गाँवों में	D. मंदिरों में

60. वारेन हेस्टिंग्स कहाँ का गवर्नर जनरल था?

A. इंगलैण्ड का	B. भारत का

C. अमेरिका का	D. जापान का

## खण्ड—ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा।	(5x2=10)


BiharboardQuestionpaper.com

(क). अभी हाल ही में मैं वेल्लोर में था, तो हमारे परम मित्र और स्नेही उमाशंकर जी दीक्षित पटना आए थे। उन्होंने मेरे संबंध में कुछ अच्छी बातें कहीं। साथ– साथ कई प्रश्न उन्होंने उठाए। मेरा उनका बहुत पुराना संबंध है। 32–33 का आंदोलन जो चला था, उसमें वह 'अंडरग्राउंड' बंबई के–बंबई में वह रहते ही थे– अंडरग्राउंड नेता थे। सदानंद जी ने, जो फ्री प्रेस के मालिक भी थे– उसकी स्थापना की थी। उन्होंने उनको 'ब्रेन ऑफ बंबे' कहा था। मुझे भी (जयप्रकाश नारायण) कोई बड़ी पद्वी दी थी, पर मैं अपनी प्रशंसा नही करूँगा। उस समय दीक्षित जी से हमारी घनिष्ठता, मित्रता हुई और अंडरग्राउंड जमाने की जो मित्रता होती है, वह ठोस होती है।

1. कौन पटना आए थे?
2. किनका पुराना संबंध था?
3. अंडरग्राउंड बम्बई के नेता कौन थे?
4. फ्री प्रेस के मालिक कौन थे?
5. अंडरग्राउंड जमाने की मित्रता कैसी होती है?

(ख). निश्चित रूप से शिक्षा व्यर्थ साबित होगी, यदि वह आपको, इस विशाल और विस्तीर्ण जीवन को, इसके समस्त रहस्यों को, इसकी अद्‌भुत रमणीयताओं को, इसके दुखों और हर्षो को समझने में सहायता न करे। भले ही आप ढ़ेरों उपाधियाँ प्राप्त कर लें और अपने नाम के आगे इनकी कतार लगा लें, चाहे बहुत ऊँचा व्यवसाय प्राप्त कर लें, लेकिन यह सब कुछ पा लेने के बाद क्या होगा? यदि आपका मन ही इस पाने की प्रक्रिया में कुँठित, चिंतित और रूक्ष बन जाए तो फिर क्या अर्थ होगा इसे पाने का? इसलिए आपको


BiharboardQuestionpaper.com

किशोरावस्था से ही खोजना होगा कि यह जीवन क्या है? और शिक्षा का यह प्रमुख कार्य नहीं कि आपमें उस मेधा का उद्‌घाटन करे जिससे आप इन समस्त समस्याओं का एक हल खोज सकें। क्या आप जानते हैं कि यह मेधा क्या है? निस्संदेह यह मेधा वह शक्ति है, जिससे आप भय और सिद्धांतों की अनुपस्थिति में स्वतंत्रता के साथ सोचते हैं ताकि आप अपने लिए सत्य की, वास्तविकता की खोज कर सकें। यदि आप भयभीत हैं तो फिर आप कभी मेधावी नहीं हो सकेंगे।

1. शिक्षा व्यर्थ कैसे साबित होगी?
2. मेधा क्या है?
3. आप मेधावी कब नहीं बन सकते?
4. चिंता किसको जन्म देती है?
5. सत्य और वास्तविकता की खोज कैसे की जा सकती है?

2. निम्नलिखित गद्यांशो में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है। (2X5=10)

(क). तीन साल पहले की बात है। गाँव पहुँचकर एक नयी और दिलचस्प कहानी सुनने को मिली। हमारे गाँव का एक कर्मठ आदमी दस– बारह साल पहले गाँव छोड़कर पुरब मुलुक बंगाल की ओर कमाने गया। पहले तो छठे– छमाहे, होली–दिवाली में गाँव आता भी था, लेकिन पिछले आठ साल से वह गाँव नही आया था। उधर ही बस गया था। गाँव में एक–डेढ़ बीघा जमीन थी, उसी को बेचने के लिए वह आठ साल के बाद आया। स्टेशन पर उतरकर उसने गाँव की पगडंडी पकड़ी। कुछ दूर जाने के बाद


BiharboardQuestionpaper.com

उसने अपने गाँव की ओर निगाह दौड़ाई। विशाल परती के उस छोर पर उसका गाँव.... लेकिन यह क्या ..... यहाँ परती कहाँ है? उसे लगा वह भूलकर दूसरी ओर आ गया है, जहाँ तक नजर जाती है, धान के खेत लहरा रहे है– चारो ओर हरियाली है। नहर, आहर पैन– पुलिया और बाँध– यह कहाँ आ गया वह? उसे विश्वास हो गया कि नींद में ऊँघता हुआ वह किसी दूसरे स्टेशन पर उतर गया है। वह स्टेशन लौटकर और चिंतित होकर पूछने लगा कि क्या यह वही स्टेशन है? तो उसका गाँव कहाँ चला गया, किधर चला गया? गाँव का यह आश्चर्यजनक परिर्वतन 'कोसी परियोजना' के द्वारा हुई। कोसी को 'बिहार का शोक' कहा जाता था। कोसी परियोजना ने शोक–विषाद को उल्लास में बदल दिया। उस आदमी को गाँव के लड़कों ने नया नाम दिया– सुदामा!

(1). गाँव पहुँचकर कैसी कहानी सुनने को मिली?

(2). कर्मठ व्यक्ति कमाने के लिए कहाँ गया?

(3). गाँव में उसके पास कितनी जमीन थी?

(4). गाँव का परिवर्तन कैसे संभव हुआ?

(5). कोसी नदी को पहले क्या कहा जाता था?

(ख). समाज का शोषित–दलित–वंचित वर्ग नागार्जुन की संवेदना और सहानुभूति का विशेष भाजन बना है, किंतु उनकी संवेदना उस वर्ग के प्रति भावुकता पूर्ण सहानुभूति नहीं जगाती, बल्कि उसकी विषम दशा के कारणों की पड़ताल के लिए उकसाती हुई उसके पक्ष में एक तरह की मोर्चेबंदी के लिए अभिप्रेरित करती है। इस तरह उनका साहित्य सक्रिय प्रतिरोध का साहित्य बन जाता है। नागार्जुन का काव्य व्यंग्य का जैसा सोद्देश्य रचनात्मक उल्लेख


BiharboardQuestionpaper.com

करता है वह सराहनीय है। उनका व्यंग्य कबीर की तरह पैना, सोद्देश्य और सामाजिक है। नागार्जुन की कविताएँ लोक संस्कृति के इतना नजदीक है कि उसी का एक विकसित रूप मालूम होती हैं किंतु वे लोकगीतों से भिन्न हैं। मिथिला का उनका अपना गाँव–घर, रक्तवाहिनी धमनियों और शिराओं की तरह उनके काव्य में फैला हुआ है।

(1). समाज का कौन– सा वर्ग नागार्जुन का विशेष भाजन बना है?

(2). नागार्जुन किस वर्ग को मोर्चेबंदी के लिए अभिप्रेरित करते है?

(3). उनका व्यंग्य किसके जैसा है?

(4). नागार्जुन कहाँ के रहने वाले थे?

(5). नागार्जुन की रचना व्यंग्य का कैसा उल्लेख करती है?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत– बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखे। (1x10=10)

(क). भारतीय किसान

(1). भूमिका

(2). स्थिति

(3). आवश्यक्ता

(4). आर्थिक सहयोग

(5). निष्कर्ष

(ख). विज्ञान के चमत्कार

(1). भूमिका

(2). आविष्कार



BiharboardQuestionpaper.com

(3). उपयोगिता

(4). लाभ–हानि

(5). निष्कर्ष

(ग). स्वास्थ्य ही धन है

(1). भूमिका

(2). स्वस्थ जीवन का महत्व

(3). लाभ

(4). निष्कर्ष

(घ). सदाचार

(1). भूमिका

(2). महत्त्व

(3). लाभ

(4). निष्कर्ष

(ड़). ईद

(1). भूमिका

(2). स्वरूप

(3). महत्त्व

(4). लाभ–हानि

(5). निष्कर्ष

4. अपने प्रधानाचार्य के पास दो दिनों की छुट्टी के लिए आवेदन– पत्र लिखे।     1x5=05

अथवा


BiharboardQuestionpaper.com

जल प्रदूषण के विषय पर दो छात्रों के बीच संवाद लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किसी पाँच प्रश्न का उत्तर लगभग 20–30 शब्दों में दीजिए। 5x2=10

(क). सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए लेखक ने किन विशेषताओं को आवश्यक माना है?

(ख). हर बरस आविन्यों में कब और कैसा समारोह हुआ करता है?

(ग). सेन साहब खोखा में कैसी संभावनाएँ देखते थे?

(घ). 'मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं' से कवि का क्या अभिप्राय है?

(ङ0). भारतमाता का हास भी राहुग्रसित क्यों दिखाई पड़ता है?

(च). कवि को वृक्ष बूढ़ा चौकीदार क्यों लगता था?

(छ). बहू ने सास को मनाने के लिए कौन–सा तरीका अपनाया?

(ज). माँ मंगु को अस्पताल में क्यों नहीं भर्ती कराना चाहती? विचार करें।

BiharboardQuestionpaper

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए (शब्द–सीमा लगभग 100) 1x5=5

(क). बिरजू महाराज के जीवन में सबसे दुखद समय कब आया? उससे संबंधित प्रसंग का वर्णन कीजिए।

(ख). अर्थ स्पष्ट करें–

भारतमाता ग्रामवासिनी

खेतों में फैला है श्यामल

धूल– भरा मैला– सा आँचल

गंगा–यमुना में आँसू–जल

मिट्टी की प्रतिमा

उदासिनी!






BiharboardQuestionpaper.com